卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 178 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦5 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## गंगा स्नान के दौरान डूबने से दो दोस्तों की मौत

### दूधिया बंध क्षेत्र के प्रतिबंधित घाट पर पैर फिसलने से गहरे पानी में समाए दोनों युवक

हरिद्वार (उद संवाददाता)। धर्मनगरी हरिद्वार में रविवार तड़के गंगा स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से आए दो सगे दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक अपने परिवारों के साथ सुबह-सुबह गंगा स्नान के लिए निकले थे, तभी अचानक पैर फिसलने के कारण वे तेज बहाव की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही जल पुलिस और कोतवाली पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शव बरामद किए। प्राप्त विवरण के अनुसार, गाजियाबाद के राजनगर और राजनगर एक्सटेंशन निवासी दो परिवार शनिवार देर रात बस के जरिए हरिद्वार पहुंचे थे। रविवार तड़के करीब 4 बजे दोनों परिवारों के सदस्य हरिद्वार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दूधिया बंध क्षेत्र में गंगा स्नान के लिए गए। मृतकों की पहचान बृजेश कुमार त्रिपाठी (43 वर्ष) और सचिन त्यागी (39 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस स्थान पर बृजेश और सचिन स्नान कर रहे थे, वहां पहले घाट हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में अत्यधिक मिट्टी जमा होने के कारण घाट का स्वरूप बदल चुका है। मिट्टी के जमाव के कारण आगे का हिस्सा अचानक बहुत गहरा और खतरनाक हो गया है। स्नान के दौरान अचानक एक का पैर फिसला और उसे बचाने के चक्कर में दूसरा भी गहरे पानी में समा गया। घटना के तुरंत बाद 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और जल पुलिस की (शेष पृष्ठ सात पर)



## दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे युवक की खाई में गिरने से मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा क्षेत्र में शनिवार देर रात दोस्तों के साथ पार्टी मनाना एक युवक के लिए काल बन गया। पहाड़ी के ऊपर दोस्तों के साथ मस्ती करने के दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने दुर्गम परिस्थितियों और रात के अंधेरे में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक के शव को बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना राजपुर क्षेत्र के आईटी पार्क चौकी के अंतर्गत सहस्त्रधारा के पास शनिवार रात स्थानीय युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए पहाड़ी पर गया था। (शेष पृष्ठ सात पर)



## आमने सामने की भिड़ंत में दो कारों के परखच्चे उड़े

### एयर बैग खुलने से दोनों कारों में सवार लोगों की बची जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर दो कारों के मध्य हुई भिडन्त में दोनों कारों के परखच्चे उड़ गये। इस दौरान दोनों कारों के एयर बैग खुल जाने से उनमें सवार सभी यात्री सकुशल बच गये हालांकि कुछ को मामूली चोटें आई हैं। बताया जाता है कि कार संख्या यूपी 15 डीवी 8845 में सवार द्वारका दिल्ली निवासी लोग हल्द्वानी की ओर से दिल्ली की ओर जा रहे थे। वहीं कार संख्या यूके 06 बीडी 0808 में सवार रूद्रपुर निवासी लोग सिडकुल चौक से घूमकर सड़क की दूसरी ओर जा रहे थे। दोनों कारों के तीव्र गति में होने के कारण दोनों कारों के चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाये और दोनों कारों की आपस में जोरदार भिडंत् हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)





## शराब की दुकान के प्रस्ताव पर भड़के ग्रामीण

रामनगर (उद संवाददाता)। ढिकुली ग्रामसभा में प्रस्तावित शराब की दुकान को लेकर जनआक्रोश भड़क गया। शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पर धावा बोला और सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल होने वाले अधिकांश लोग भाजपा समर्थक और स्थानीय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने अपनी ही सरकार के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही ग्राम प्रधान खस्टी देवी ने सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बजाय गांव-गांव शराब की दुकानें खोलकर नशे को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि यदि ढिकुली में शराब की दुकान खोलने का निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमन रावत ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि ग्रामीण इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। भाजपा के पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि आबकारी विभाग का यह प्रस्ताव स्थानीय जनभावनाओं के (शेष पृष्ठ सात पर)



## मेयर का सख्त एक्शन, जनता को आया पसंद

### गैस वितरण की अव्यवस्था पर दिखाया दम, ठेकेदार पर कसा शिकंजा, गैस वितरण व्यवस्था सुधरने की जगी उम्म्मीद

रुद्रपुर। शहर में गैस वितरण को लेकर लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्था और जनता की परेशानी के बीच आखिरकार मेयर विकास शर्मा का सख्त रुख लोगों को राहत देता नजर आ रहा है। भले ही यह एक्शन थोड़ी देर से आया, लेकिन जिस अंदाज में मेयर ने मोर्चा संभाला, उसने जनता का भरोसा जीत लिया। लोगों ने खुलकर मेयर के इस कदम की सराहना करते हुए उनका आभार जताया है।दरअसल, पिछले कई दिनों से शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत और वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। उपभोक्ताओं को घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ रहा था, जबकि होम डिलीवरी व्यवस्था लगभग ठप थी। इस बीच जनप्रतिनिधियों की ओर से सिर्फ बयानबाजी होती रही, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं दिखी। ऐसे माहौल में शनिवार को मेयर विकास शर्मा ने खुद कमान संभाली।शनिवार को काशीपुर बायपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी से लोगों के आक्रोश की दर्पण न्यूज में लाइव न्यूज का संज्ञान लेते हुए मेयर सीधे काशीपुर बायपास स्थित इंडेन गैस एजेंसी पहुंच गए। मौके पर भारी भीड़, अफरा-तफरी और उपभोक्ताओं के आक्रोश को देखकर उनका पारा चढ़ गया। जांच में सामने आया कि ठेकेदार और डिलीवरी बॉय की मिलीभगत से गैस वितरण में खेल चल रहा था। इस पर मेयर ने तुरंत सख्ती दिखाते हुए प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद ठेकेदार को पुलिस हिरासत में लिया गया। मेयर ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो नगर निगम खुद गैस वितरण की जिम्मेदारी संभालेगा और घर-घर सिलेंडर पहुंचाया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश की सरकार की छवि खराब करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे नगर निगम क्षेत्र में गैस वितरण के लिए नया रोस्टर तैयार किया गया। शहर को विभिन्न जोनों में बांटकर डोर-टू-डोर डिलीवरी को अनिवार्य किया गया है, जिससे अब उपभोक्ताओं को एजेंसी पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही लापरवाही बरतने वाले डिलीवरी कर्मियों पर भी (शेष पृष्ठ सात पर)



**रस्म पगड़ी/भोग**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री जगदीश कालड़ा जी** (पुत्र स्व. श्री मुन्शी राम कालड़ा) का आकस्मिक निधन दिनांक 30 मार्च 2026 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी/भोग दिनांक 7 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार** को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक **सिटी क्लब, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

| | |
|---|---|
| प्रकाश रानी-स्व. बल्देव राज (बहन-बहनोई) | वीना रानी (पत्नी) |
| सुमन रानी-बनवारी लाल (बहन-बहनोई) | कपिल कालड़ा (पुत्र) |
| शीतल-पंकज खेड़ा (बेटी-दामाद) | संत लाल कालड़ा-कांता रानी (भाई-भाभी) |
| संजना-चिराग अरोरा (बेटी-दामाद) | रमेश कालड़ा-राजरानी (भाई-भाभी) |
| दीपिका-योगेश वाधवा (बेटी-दामाद) | राजकुमार कालड़ा-संगीता रानी (भाई-भाभी) |
| वंशिका कालड़ा (बेटी) | अशोक कालड़ा-किरन (भाई-भाभी) |
| समस्त कालड़ा एवं भुसरी परिवार | राकेश कालड़ा-वर्षा रानी (भाई-भाभी) |

**निवास-ग्राम फुलसुंगी, रूद्रपुर मो.9927526323**

## चार साल से बेसहारा थे, कांग्रेस ने दिया सहारा: ठुकराल

### नानकमत्ता पहुंचने पर ठुकराल का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के प्रथम बार नानकमत्ता साहिब पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर माथा टेका। नानकमत्ता आगमन पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के स्वागत में जोरदार रोड शो निकाला गया। इस दौरान ठुकराल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ठुकराल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस को आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि वह कंधे से कंधा मिलाकर (शेष पृष्ठ सात पर)



# रामनगर के ग्राम चुकम और अमरपुर के विस्थापन की तैयारी, एडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

रामनगर (उद संवाददाता)। तहसील रामनगर के अंतर्गत राजस्व ग्राम अमरपुर और ग्राम चुकम के विस्थापन एवं पुनर्वास की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय पुनर्वास समिति ने प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन किया। इस दौरान समिति ने विस्थापन के लिए चयनित वन भूमि स्थल शहाथी डांगरश (आम पोखरा रेंज, पश्चिम तराई डिवीजन) का भी बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के उपरांत समिति ने ग्राम चुकम में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पुनर्वास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। एडीएम ने ग्रामीणों को अब तक हुई प्रगति की जानकारी दी, जिस पर ग्रामीणों ने समिति के समक्ष शीघ्र विस्थापन प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग रखी। बैठक में बताया गया कि चुकम और अमरपुर के विस्थापन हेतु वन विभाग से हाथी डांगर क्षेत्र में भूमि विनियम (लैंड एक्सचेंज) के लिए प्रारंभिक सहमति प्राप्त हो गई है। अब इस संबंध में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत आगामी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।अपर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि विस्थापन से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी नैनीताल के माध्यम से जल्द ही शासन को प्रेषित की जाएगी।



भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर गोपाल सिंह चौहान, उप प्रभागीय वन अधिकारी (पश्चिम तराई) संदीप गिरी गोस्वामी, उप प्रभागीय वन अधिकारी अंकित बडोला, भू-वैज्ञानिक कामिनी बिष्ट, सहायक अभियंता सिंचाई जगत नारायण सिंह, जिला आपदा प्रबंध न अधिकारी योगेश उनियाल और स्थानीय लेखपाल राहुल आर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ढाबे पर आबकारी का छापा भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आबकारी विभाग की टीम ने बरेली रोड स्थित एक ढाबे पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। टीम ने मौके से 109 पव्वा देसी व विदेशी शराब सहित बीयर बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पकड़ा गया अभियुक्त पूर्व में भी अवैध शराब की तस्करी में जेल जा चुका है। क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध शराब की बिक्री की शिकायतों के बाद शनिवार को आबकारी विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बरेली रोड पर संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली गई। छापेमारी में अभियुक्त राजेंद्र प्रसाद के कब्जे से अवैध मदिरा का जखीरा बरामद हुआ। विभाग ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। किसी भी सूरत में अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। छापेमारी करने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट, रुचिका कांडपाल, उप निरीक्षक कैलाश जोशी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। विभाग की इस कार्यवाही से अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।



# निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु जिले में बनेंगे छह नए गौसदन

## कैंचीधाम, गौलापार और मालधन चौड़ में गौशाला निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौशाला स्थापना एवं संचालन अनुश्रवण प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के भीतर निराश्रित गोवंश के संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर 6 नए गौसदनों की स्थापना और संचालन की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यदाई संस्थाओं को तत्काल भूमि चयन और आगणन तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मालधन चौड़, गौलापार और श्री कैंचीधाम क्षेत्र में प्रस्तावित गौसदनों की डीपीआर तैयार कर बजट आवंटन जिला खनिज न्यास निधि से करने की मंजूरी दी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में पत्रावली शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं को गौसदन तक पहुंचाने के लिए अब तक कैचर लिफ्टिंग वाहन क्रय न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।भूमि चिह्नीकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को गौलापार में बृहद गौशाला स्थापना हेतु भूमि चयन के आदेश दिए।



अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने और मालधन चौड़ में गौशाला निर्माण शुरू कर निराश्रित पशुओं को वहां स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी नैनीताल को भीमताल में और उप जिलाधिकारी श्री कैंचीधाम को खैरना क्षेत्र में गौशाला निर्माण हेतु भूमि चयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में तय किया गया कि गौलापार में जिला पंचायत नैनीताल, भीमताल में नगर पालिका भीमताल और श्री कैंचीधाम में नगर पालिका भवाली कार्यदाई संस्था के रूप में कार्य करेंगी।जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौसदनों के संचालन हेतु तुरंत विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए और प्राप्त प्रस्तावों को शासन को भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निराश्रित पशुओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को भी अवगत कराया जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ के सी जोशी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खालिक सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोगों को भंडारा प्रसाद वितरित किया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चौक पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा जन सेवा का कार्य करते हुए जरूरतमंदों को राहत प्रदान कर रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां प्रसाद ग्रहण कर इस जन सेवा से लाभान्वित हो रहे हैं।आज की जन सेवा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती रजनी रावत, अग्रवाल सभा के सरपरस्त पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, अग्रवाल महिला



सभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, श्रीमती तान्या अग्रवाल, मुकुट सिंह यादव, मनोज सैनी, सुमित कुमार, कुशल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, जितेंद्र साहनी, मनीष मित्तल एडवोकेट, ऊषा शर्मा, राजेश कामरा, पूजा मित्तल एडवोकेट, दीपिका मित्तल एडवोकेट, रवि अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अशोक नेगी, श्रीओम अग्रवाल, न्यानश, नामित कुमार, दिव्यांश कुमार, सुमित कुमार एवं कबीर अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रवेश उत्सव के साथ स्कूल में बांटी पुस्तकें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय मानव अधिकार एन्ड एंटी करप्शन फोर्स के द्वारा शुक्रवार को सुभाष नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान अध्यापिका फराह खान ने की। पुस्तकों का वितरण राष्ट्रीय सचिव शरीफ खान व प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, प्रीति पांडे, पूजा कंबोज, कल्पना, नुमाइरा खान आदि ने संयुक्त रूप से किया।



# गैस की कालाबाजारी रोकने को जिले में क्यूआरटी गठित

## जिलाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी, 24 घंटे में 45 शिकायतों का किया निस्तारण

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने और उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सख्त रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में उपजिलाधिकारियों, क्षेत्रीय गैस अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों को मिलाकर सात श्त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन किया गया है। यह टीमें लगातार गैस एजेंसियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और डिलीवरी वाहनों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर की गई इस सख्त कार्यवाही के तहत शनिवार तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 04 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। साथ ही 12 घरेलू, 28 व्यावसायिक व 22 छोटे सिलेंडर सहित एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। अब तक क्यूआरटी द्वारा 85 गैस एजेंसियों, 95 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और 90 गैस डिलीवरी वाहनों की सघन जांच की गई है। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर और टोल-फ्री नंबरों पर कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका तत्काल संबंधित गैस एजेंसियों के माध्यम से समाधान कराया गया। उन्होंने बताया कि इंडेन गैस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी और सेल्स अधिकारियों को जोड़कर रिपोर्ट ली जा रही है। गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के अधिकारियों को हल्द्वानी के सरस मार्केट में तैनात किया गया है। वे उपभोक्ताओं की बुकिंग सूची के अनुसार ही वाहनों को रवाना कर रहे हैं। इंडेन गैस सर्विस द्वारा 4 अप्रैल से पहले आओ पहले पाओ नीति लागू कर दी गई है, जिससे पहले बुकिंग और भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि गैस की कालाबाजारी, रिफिलिंग या डायवर्जन की शिकायत टोल फ्री नंबर 1077, टेलीफोन 08942-231179 या व्हाट्सएप नंबर 8272080884 पर करें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# किसान महासभा कल करेगी डीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। किसान महासभा बागजाला कमेटी के पूर्व घोषित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत बागजाला गांव के विकास पर वन विभाग का अवरोध खत्म करने की मांग पर कल 6 अप्रैल को डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस आंदोलन की तैयारी की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आजादी से भी पहले बसे गाँव बागजाला को वन विभाग के माध्यम से अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने का षड्यंत्र कर लोगों को पहले से सरकार द्वारा दी गई बुनियादी सुविधाओं पंचायत प्रतिनिधि चुनने का अधिकार, सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई नहरों और नये भवन निर्माण, गांव में जल जीवन मिशन अन्तर्गत चल रहे हर घर नल, हर घर जल के निर्माण पर रोक लगा दी गई। जिसके कारण बागजाला वासियों को जनान्दोलन को बाध्य होना पड़ रहा है।भाकपा माले जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि वन विभाग की जारी हठधर्मिता के खिलाफ बागजाला गांव के जनहित में आवाज उठाई जा रही है। यदि समाधान न हुआ तो पुनः अनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू किया जायेगा। 8 सूत्रीय मांगों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं को तुरंत शुरू किया जाए। गांव की सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्यों को बिना देरी के अनुमति दी जाए। नहरों की मरम्मत कर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बरसाती नहर के किनारे रहने वाले लोगों के लिए पक्के रास्ते का निर्माण किया जाय और नहर के किनारों की मरम्मत की जाय। बिजली और पानी के नए कनेक्शन लगाने का अनुमति पत्र जारी किया जाय। विकास कार्यों में वन विभाग द्वारा डाली जा रही अनावश्यक बाधाओं को तुरंत समाप्त किया जाए।डीएफओ गांव में स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट लगाने का अपना वादा पूरा करें। वन विभाग द्वारा बागजाला वासियों को पूर्व में दिए गए सभी नोटिस वापस लिए जाएँ शामिल हैं। बैठक में डॉ उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, गणेश राम, पंकज चौहान, रईस अहमद, सुलेमान मलिक, चंदन सिंह मटियाली, असलम, बबलू, रेशमा, दौलत सिंह, दिनेश चंद्र, नईम बानो, जेबुननिशा, हेमा देवी, उमा देवी, रफी, मकसूद, शोभा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।



# आरसेटी हल्द्वानी में मिलेगा निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी नैनीताल द्वारा 18 से 50 वर्ष की आयु के युवाओं और युवतियों के लिए 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 8 अप्रैल से कुंवरपुर गौलापार स्थित हीरा कुंवर स्कूल के पीछे संस्थान परिसर में शुरू होगा। जिले भर के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए कुल 35 सीटें निर्धारित की गई हैं जिसके लिए 8 अप्रैल 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह एक पूर्णतः आवासीय और निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। जो अभ्यर्थी इस स्वरोजगार प्रशिक्षण में रुचि रखते हैं वे अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड या जॉब कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी के साथ संस्थान में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से भविष्य में विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू किया जा सकेगा। प्रशिक्षण और आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के दूरभाष नंबर 05946 266095 अथवा मोबाइल नंबर 8477009546 और 9756947425 पर संपर्क कर सकते हैं। सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन से पूर्व कलश यात्रा कल, तैयारियां जोरों पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 प्रहर व्यापी सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कल 6 अप्रैल से प्रारंभ होगा। जिसके लिए आयोजन कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि कल 6 अप्रैल दिन सोमवार को प्रात: 9 बजे से श्री दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो अनेक मुख्य मार्गो से होकर गुजरती हुई किच्छा बाईपास मार्ग पर पैराडाइज



झील पहुंचेगी जहां पर महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के साथ कलश में जल ग्रहण किया जाएगा। कलश यात्रा वापस मंदिर में सम्पन्न होगी। जिसके बाद विधि विधान से सभी कलश मंदिर में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज रात्रि 9 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रात: 6 बजे से अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा जिसका समापन 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रात: 6 बजे होगा। संकीर्तन मंडलियों में दिल्ली की राम कृष्ण संप्रदाय मंडली, नेताजी नगर की राधा रानी संप्रदाय मंडली, धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय मंडली, पिपलिया नंबर एक की ओम शांति हरि संप्रदाय मंडली और पिपलिया नंबर दो की राधा रमन संप्रदाय मंडली शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन प्रात: 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। प्रतिदिन मंदिर में सायं 7 बजे से संध्या आरती होगी। आयोजन कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर नाम रूपी महाप्रसाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा: लाखों के जेवर व समेत शातिर चोर शिकंजे में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर मुखानी थाना पुलिस व एसओजी टीम को क्षेत्र में चोरी की घटित 2 घटनाओं का खुलासा करने में बड़ी सफलता मिली है। टीम ने मामले में एक अंतरराज्यीय शातिर चोर को लगभग नौ लाख रुपए कीमत के चुराए जेवरात और हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार किया है। मामलों का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 14 मार्च को ललित सिंह पुत्र नंदन सिंह निवासी सत्यानंद कॉलोनी गली नंबर 10 बिठोरिया नंबर 01 मुखानी ने थाना मुखानी में 10 जनवरी से 15 जनवरी के बीच अज्ञात चोर द्वारा उसके घर से 50 हजार की नगदी व चांदी के जेवरात चोरी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना मुखानी में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह के सुपुर्द की गयी। उन्होंने बताया वहीं 1 अप्रैल को घनश्याम चंद्र पुत्र विशन राम निवासी हरि शिव विहार हिम्मतपुर मल्ला मुखानी ने थाने आकर 16 नवम्बर 25 से 19 नवम्बर 25 के बीच उसके घर का ताला तोड़कर घर से सोने चांदी के आभूषण व कुछ नगदी चोरी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना



उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद के सुपुर्द की गई।एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टी.सी. द्वारा मामले की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पुलिस टीम गठित कर तत्काल मामले का अनावरण करने के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी एवं राजेश जोशी प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चौक करने पर दोनों घटनाओं में एक ही संदिग्ध व्यक्ति लिप्त होना पाया गया। बताया पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश, पूछताछ, सर्विलांस तथा मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार गुसाईपुर तिराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति मुंशी राम उर्फ सोनू पुत्र दीपचंद निवासी कस्बा बेहट मोहल्ला महाजनान थाना वकोतवाली बेहट जिला सहारनपुर को चोरी के आभूषण व नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से ललित सिंह के घर से चुराए चांदी की एक जोड़ी चौन पट्टी, 2 गले की चेन, 3 अंगूठी, 2 जोड़ी धागुले, नगदी 22460.00 रूपये बरामद किए। जबकि घनश्याम चन्द्र के घर से चुराए एक जोड़ी मंगलसूत्र, एक जोड़ी पौंची, एक मांग टीका,एक अंगूठी, एक जोड़ी कान के झुमके बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि चोर मुंशीराम पर कई राज्य मे मुकदमे दर्ज हैं। उसके द्वारा अन्य राज्य में भी चोरी व अन्य अपराधी घटनाओं को अंजाम दिया गया है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 1500 रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुशील जोशी, उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार , हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत कॉन्स्टेबल धीरज सुगडा, बलवंत सिंह, रविंद्र खाती, अनिल गिरी शामिल थे।

# मारपीट और धमकी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर। एक व्यक्ति ने अन्य व्यक्ति पर उसके, उसकी पत्नी व पुत्र के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रतापपुर धनौरी पट्टी निवासी महावीर प्रताप पुत्र स्व. सीता राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 2 अप्रैल की सुबह के 8.30 बजे के आसपास स्कूटी से प्रतापपुर मार्किट जा रहा था। वहीं मोहल्ले वालो ने रास्ते पर टेंट लगाया हुआ था। जब उसके लिये वहां पर खड़े लड़के के द्वारा टेंट को खोला गया तो वहां पहले से मौजूद धर्मवीर पुत्र सोमपाल ने टेंट खोलने से मना कर दिया तथा उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। हल्ला सुनकर मौके पर उसका पुत्र व पत्नी पर आ गये तथा वह स्कूटी मोड़ कर जैसे ही अपने घर पर खड़ा करने के लिये गया तो धर्मवीर ने उसके पुत्र व पत्नी के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़ दिये। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगा कि मेरे घर में वकालत किया हुआ है तू और तेरा खानदान मेरा क्या बिगाड़ लेगा।

# महिलाओं से मारपीट और अभद्रता के मामले में मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिमला पिस्तौर में होली के पर्व के दौरान घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं से अभद्रता और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना मार्च माह की है जिसकी तहरीर पर अब कार्यवाही की गई है। ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी सुमन शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च को दोपहर करीब डेढ़ बजे उनका परिवार घर के बाहर होली मना रहा था। इसी दौरान गांव का ही वीरू नशे की हालत में वहां आया और गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा।परिजनों द्वारा विरोध करने और उसे वापस भेजने पर वीरू अपने साथ सहजाद, आजाद, गोविन्दा, अरूण, रोहित सिंह, राजकुमार, राजू शेख, समीर, प्रमोद और उसका साला, संजय, बाबू उर्फ काजू, इफ्तार अहमद, भोला, बिछिया सहित करीब 20-25 लोगों को लेकर वापस आया। आरोपी लाठी डंडे और लोहे की रॉड से लैस होकर घर के मुख्य गेट को फांदकर अंदर घुस आए। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया और महिलाओं के साथ अभद्रता की। आरोप है कि हमले के दौरान आरती शर्मा के कपड़े फट गए और दो महिलाओं के सोने के मंगलसूत्र भी छीन लिए गए।इस हिंसक झड़प में अशोक शर्मा के सिर पर गंभीर चोट लगी है, जबकि नवीन शर्मा की आंख चोटिल हुई है। इसके अलावा मनोज शर्मा, मोहित, रवि, राज, रोहित, सोनिया और कविता को भी अंदरूनी व बाहरी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावरों ने पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी है जिससे पूरा परिवार भयभीत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता ने घटना की वीडियो फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई है।

# विधि विधान से सम्पन्न हुई श्री शनि महाराज की वार्षिक पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्तिक मंडल, देवू मंडल एवं समस्त आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वासियों द्वारा श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा व भंडारा



कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। आज प्रात: पंडित शंकर चक्रवर्ती द्वारा विधि विधान से की गई पूजा अर्चना के पश्चात आरती व प्रसाद वितरित किया गया। आदर्श इन्दिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में गत अष्टम पहर महानाम संकीर्तन का आज प्रात: 6 बजे विश्राम किया गया। संकीर्तन मंडलियों द्वारा गत दिवस से आज प्रात: तक निरंतर क्रमवार हरि संकीर्तन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व बीती शाम पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्तिक मंडल, देबू मंडल, पारूल मंडल, चौताली मंडल, माधवी मंडल, गोविन्द राय, पार्षद सरो राय, उत्तम अधिकारी, गणेश सरकार, हृदय मंडल, श्रुति मंडल, प्रीति मंडल, त्रप्ति मंडल, खोकन मंडल, श्यामल राय, कनि मंडल, अमित सरकार, विष्णु सरकार, दीपांकर साना, असीम , तपन , मधु सरकार, शशांक चक्रवर्ती, मुदित सरकार, गोबिंद सरकार, शिप्रा राय, सविता, सीमा पाल, संजना समददार, रेखा लक्ष्मी मंडल, रविन्द्र धर, डा. सुजीत मित्रा, समीर बवाली, प्रशांत राय, शरद राय, किशन राय, सरस्वती, ज्योत्स्ना विश्वास, अर्चना, सीमा वर्मन, ममता वर्मन, कमला वर्मन, कल्पना मल्लिक, सुमन, जमुना राय, अनीता राय, कल्पना मंडल, सुपमा राय, देवी, आराही दास, काशीनाथ हाजरा, भुवन मजूमदार, अनिल मंडल, सुमन सरकार, गोपाल, प्रहलाद विश्वास, विष्णु मंडल, रतना पाल, साक्षी, प्रिया समददार, अनीता विश्वास, सावित्री वर्मन, बोनी मंडल, शांति वैद्य, दीपा मंडल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# राज्यसभा सांसद को बोलने से रोकना लोकतंत्र की हत्या: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्यसभा सांसद राघव चड्डा को सदन में बोलने से रोकने के निर्णय पर लोकतंत्र सेनानी संघ ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब एक चुने हुए सांसद की जुबान पर ताला लगाया जा सकता है तो साधारण नागरिक के अधिकारों का क्या होगा। उन्होंने इस स्थिति को लोकतंत्र की हत्या और आपातकाल की याद दिलाने वाला बताया। छाबड़ा ने जोर देकर कहा कि वर्तमान में तमाम राजनीतिक दलों के भीतर लोकतंत्र नाम की कोई चीज शेष नहीं रह गई है। उन्होंने आम आदमी पार्टी से अपने इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। वहीं एडवोकेट गौरव मिड्डा ने कहा कि देश को राजनीतिक दलों की तानाशाही से बचाने के लिए सभी पार्टियों को गंभीरतापूर्वक आत्मचिंतन करना चाहिए और इस दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए ताकि लोकतंत्र सुरक्षित रह सके। महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा, कमल चिलाना, होमी कुरैशी, सोमिल घीक और नंद नंदनलाल सागर सहित तमाम लोगों ने आम आदमी पार्टी के इस आदेश को पूरी तरह लोकतंत्र विरोधी बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। इन सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि राजनीतिक दलों के ऐसे निर्णय देश के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं।

# वृहद स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा के तत्वाधान में श्री राम मन्दिर धर्मशाला के प्रांगण में नीलकंठ मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सौजन्य से वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बल्ड प्रेशर, शुगर की जांच के साथ दवाईया भी निशुल्क वितरित की गई। शिविर में 122 लोगों ने सेवा का लाभ उठाया। उक्त शिविर में जिन चिकित्सकों ने अपनी सेवायें दी उनमें डा० मेघा शर्मा रखोलिया (गैस्ट्रोलॉजिस्ट), डा० वन्दना प्रसाद (किडनी रोग विशेषज्ञ), डा. पल्लव सिंहास बाल रोग विशेषज्ञ, डा. चिराग श्रीवास्तव दन्त रोग, डा. विराग श्रीवास्तव सुशीला तिवारी अस्पताल, डा. नैना अग्रवाल दंत रोग विशेषज्ञ, डर. मधुरिमा दत्ता (जनरल फिजीशियन), डा. प्रखर भरट ईएनटी विशेषज्ञ, नीलकंठ हॉस्पिटल मार्केटिंग मैनेजर कौशल जोशी, भुवन, ईल, मां आदि ने भी योगदान दिया। इस शिविर को संपन्न कराने में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सुशील अग्रवाल (पप्पी), मनोज अग्रवाल, मनोज कुमार , नीरज प्रभात गर्ग, अशोक अग्रवाल, सुशील कुमार, अशोक अग्रवाल, युवा समीति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, कनव अग्रवाल, नितिन कुमार , अमित गोयल, ऋषभ बंसल, तुषार मित्तल, अनिल अग्रवाल आदि ने अपना सहयोग किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सूर्पनखा नासिका छेदन व सीता हरण की लीला ने किया रोमांचित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल रामलीला मैदान में आयोजित प्रथम महिला रामलीला के छठे दिन शनिवार को सूर्पनखा की नाक काटने और सीता हरण का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से भगवान की जीवंत लीला को दिखाया। यहां पंचवटी में रावण की बहन सूर्पनखा ने राम को देखा और उन पर मोहित हो गई। उसने राम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे राम ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि वे विवाहित हैं और एक पत्नी व्रत का पालन करते हैं।राम के इनकार से क्रोधित होकर सूर्पनखा राक्षसी रूप में सीता की ओर दौड़ी। लक्ष्मण ने उसका नाक काट दिया। अपमानित शूर्पनखा रोते हुए रावण के दरबार में पहुंची। शूर्पनखा की बात सुनकर रावण ने अपने मामा मारीचि को मायावी मृग का रूप धारण करने के लिए तैयार किया। मारीचि ने मायावी मृग बनकर राम और लक्ष्मण को जंगल की ओर दूर ले जाने का कार्य किया। राम और लक्ष्मण के आश्रम से



दूर जाने पर, रावण साधु वेश में आया और सीता का हरण कर लिया। सीता के विलाप को सुनकर दर्शक शोक में डूब गए। यहां राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण अंशिका जीना, सीता खुशी जोशी,सूर्पनखा प्रिया जोशी और गीता पाण्डेय, खर चंपा रौतेला, दूषण दीपा तिवारी, रावण दीपा कोश्यारी, मारीच हीना जोशी, जोगी रावण रमा उनियाल, जटायु जया तिवारी थी। इस अवसर पर शीशमहल पुरुष रामलीला कमेटी के मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चन्द्र तिवारी व अध्यक्ष मोहन चन्द्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर छठे दिन की लीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि के रूप में ललित जोशी, रश्मि जैन, सुजाता माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया। प्रमोद पलड़िया, कमल पलडिया, ऊषा मुकेश, सुचित्रा जयसवाल, अतुल जायसवाल जी आदि मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष तनुजा जोशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीराम के आदर्शों में चलने व सीखने का यह बेहतरीन माध्यम है।मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया।इस अवसर पर महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, योगिता बनोला, योगेंद्र साहू, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, कामिनी पाल, सीमा देवल, शालिनी गुप्ता, ऊषा मुकेश, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, दिनेश फुलारा, केशव दत्त तिवारी, गौरव जोशी, मोहन चन्द्र जोशी, मकरंद प्रताप सिंह व गिरीश सिंह खाती सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# 'विधानसभा के मुहाने' पर ही हो गया 'दस करोड़ का खेल'

## एक महीने में ही उखड़ने लगी एनपीसीसी द्वारा दस करोड़ की लागत से बनाई गई डामर रोड,सड़क उखड़ने पर निर्माणदायी संस्था ने दिए विचित्र तर्क,जनप्रतिनिधियों समेत स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश

– अर्श–

चमोली। मालूम होता है जैसे शासन के विभिन्न विभाग –अनुभाग एवं उनके अधिकारियों कर्मचारियों को अब, ना तो राज्य सरकार का ही कोई डर रह गया है और ना ही विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही का। शायद यही कारण है कि उत्तराखंड के बेखौफ सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी राज्य में भ्रष्टाचार के नए–नए कारनामे आए दिन अंजाम दे रहे हैं। शासकीय संस्थान के बेखौफ भ्रष्टाचार का ताजा मामला सूबे के चमोली जिले में सामने आया है ,जहां सड़क निर्माण करने वाली संस्था एनपीसीसी ने उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी के विधानसभा भवन के मुहाने पर ही भ्रष्टाचार की एक ऐसी सड़क बना दी, जो एक माह के भीतर ही उखड़ने लगी है। गौर तलब है कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित विधानसभा के मुख्य परिसर के नजदीकी बाजार भराडीसैंण से परवाड़ी गांव को जोड़ने के लिए धामी सरकार ने 10 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत की थी, जिसके निर्माण के लिए लगभग 10 करोड़ की भारी भरकम धनराशि खर्च तो की गई ,लेकिन सड़क पर किया गया डामरीकरण एक माह तक भी नहीं टिक पाया। दरअसल, डामरीकरण की घटिया गुणवत्ता के चलते डामर जगह–जगह पर उखड़ता चला जा रहा है , जिससे इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों के रपटने का खतरा बढ़ गया है। सड़क के गुणवत्ता विहीन निर्माण के चलते जनप्रतिनिधियों समेत स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे निर्माणदायी संस्था के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी में हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परवाड़ी के नजदीकी सारकोट गांव को गोद लेकर मुख्यमंत्री आदर्श



गांव बनाने की कवायद शुरू की है, जिसके तहत यहां स्वच्छता अभियान से लेकर शौचालय निर्माण तथा गांव के सभी घरों को एक समान रंग–रोगन कर संवारने का काम किया गया है। इसके साथ ही गांव में सोलर लाइटों की व्यवस्था समेत ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने के लिए भी कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इस बीच सारकोट गांव के साथ ही परवाड़ी को भी सड़क सुविधा से जोड़ने की योजना धरातल पर उतारी गयी,लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। जिला पंचायत सदस्य व परवाड़ी गांव निवासी कामेश्वरी देवी ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर जल्द रोड का सुधारीकरण नहीं किया गया और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई ,तो ग्रामीणों को प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। भ्रष्टाचार की इस सड़क में हुई व्यापक अनियमितता को कर्णप्रयाग विधायक ने भी स्वीकार किया है ।उनके अनुसार सड़क निर्माण में घटिया डामरीकरण की शिकायत मिली है। शिकायत के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणदायी संस्था एनपीसीसी को सख्त चेतावनी देते हुए दोबारा से डामरीकरण किए जाने के लिए आदेशित कर दिया गया है। विधायक ने साफ तौर पर कहा कि इस प्रकार की लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ पीएमजीएसवाई की कार्यदायी संस्था एनपीसीसी के अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिंह द्वारा सड़क उखड़ने पर स्पष्टीकरण देते हुए बताया गया है कि ये सड़क जायडेक्स टेक्नोलॉजी से बनाई गई है। जिसके तहत केमिकल मिलाकर डामरीकरण किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डामर उखड़ने का मुख्य कारण डामरीकरण के दौरान अधिक वाहनों की आवाजाही व लो तापमान रहा है। उनके अनुसार संबंधित ठेकेदार को जल्द मोटर मार्ग को ठीक करने को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री से की भेंट

## हरिद्वार गंगा कॉरिडोर के लिए 325 करोड़ की धनराशि की सहायता का अनुरोध

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हरिद्वार शहर में गंगा कॉरिडोर क्षेत्र से संबंधित लगभग 325 करोड़ की परियोजना के लिए धनराशि स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ–2027 के दृष्टिगत इस परियोजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण एवं प्रणाली के स्वचालन हेतु भी प्रथम चरण में 325 करोड़ की धनराशि शीघ्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया, साथ ही द्वितीय चरण के अंतर्गत शेष लगभग 425 करोड़ की धनराशि भी अनुमोदित करने का अनुरोध



किया।मुख्यमंत्री ने हरिद्वार एवं ऋषिकेश में आगामी कुंभ–2027 की तैयारियों के संदर्भ में हरिद्वार में घाटों के सौंदर्यीकरण, आवासीय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं शहरी अवसंरचना के विकास हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय यातायात को सुदृढ़ करने के हेतु रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना को मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक विस्तारित करने के साथ ही देहरादून–हरिद्वार– ऋषिकेश मेट्रो कॉरिडोर के विकास का भी अनुरोध किया, ताकि इन शहरों के मध्य आवागमन को सुगम बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में सड़क यातायात पर निर्भरता कम होगी, यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी तथा पर्यावरणीय दृष्टि से भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उत्तराखण्ड के प्रमुख तीर्थस्थलों को आधुनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ते हुए क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन एवं समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगी।केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# होटल संचालक शराब सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार" के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल संचालक को तलाशी के दौरान काउंटर से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी टीपी नगर उप निरीक्षक मनोज कुमार व कांस्टेबल अनिल टम्टा द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के सहयोग से रामपुर रोड स्थित दिसू दा ढाबा रेस्टोरेंट में चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान रेस्टोरेंट स्वामी प्रताप सिंह पुत्र माह सिंह निवासी मधुबन विहार, रामपुर रोड हल्द्वानी के कब्जे से काउंटर के भीतर से 20 पव्वे व्हिस्की व 59 पाउच देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# मीना शर्मा ने अखंड हरिनाम संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा शुक्रवार को रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम आनंद खेड़ा नंबर 1 पहुंचीं। यहां उन्होंने आयोजित श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया और पुण्य लाभ अर्जित



किया। इस विशेष अवसर पर संकीर्तन आयोजन कमेटी द्वारा कार्यक्रम में पहुंचीं पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीना शर्मा ने संकीर्तन मंडली का स्वागत करते हुए उनके भक्ति भाव की सराहना की और इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन और संकीर्तन में क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।

# नानकमत्ता एक्सपो में हजारों छात्रों ने लिया मार्गदर्शन

नानकमत्ता। एक्सपो 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह एक प्रमुख शिक्षा मेला था, जिसमें देश–विदेश की विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हजारों छात्रों एवं अभिभावकों ने हिस्सा लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। शिक्षा मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सही मार्गदर्शन प्रदान करना एवं उन्हें शिक्षा से जुड़े फर्जीवाड़े से बचाना था। कार्यक्रम में "फ्रॉड फ्री फ्यूचर" विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे छात्र किसी भी फर्जी एजेंट के झूठे वादों के जाल में न फंसें। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सतीश जोशी ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन के डायरेक्टर एल.एस. बेदी एवं मुकुल मेहता द्वारा इस तरह की सराहनीय पहल की गई है। किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों को सलाह दी कि किसी भी प्रकार के वीजा आवेदन से पहले अपने दस्तावेजों की पूरी जांच कर लें और किसी




भी लालच या झूठे वादों में न आएं। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र तिवारी ने कहा कि आज के समय में फ्रॉड की घटनाएं आम होती जा रही हैं। कई बार लोगों को "डिजिटल अरेस्ट" जैसी झूठी कॉल्स आती हैं, जबकि वास्तव में ऐसा कोई सिस्टम मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्लेटफॉर्म हर शहर और गांव में होने चाहिए, जहां लोगों को फ्रॉड से बचने के तरीके बताए जाएं। उन्होंने वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन के डायरेक्टर एल.एस. बेदी और मुकुल मेहता की सराहना करते हुए कहा कि "फ्रॉड फ्री फ्यूचर" जैसे कार्यक्रम से हजारों छात्र फर्जी एजेंटों के झूठे आश्वासनों से बच सकेंगे। वहीं कोतवाली प्रभारी मंजू पांडे ने भी छात्रों एवं अभिभावकों को विभिन्न प्रकार के फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन के डायरेक्टर श्री बेदी ने बताया कि ये आयोजन न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु जोशी, मुख्य वक्ता सतीश जोशी, कोतवाली प्रभारी मंजू पांडे, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह, नवनीत जुनेजा, राजेश दास, समरपाल, श्रीपाल राणा, वरुण अग्रवाल, मनोज गर्ग, अनुज गर्ग आदि मौजूद थे।

# विश्व शांति के लिए आर्य समाज ने किया हवन यज्ञ

रुद्रपुर। विश्व में बढ़ती अशांति और युद्धों की विभीषिका के बीच शांति एवं मानव कल्याण की कामना को लेकर रविवार को आर्य समाज रुद्रपुर में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति की प्रार्थना की।कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने आहुतियां देकर वैश्विक शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व को शांति, सहिष्णुता और भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है, और ऐसे धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।बताया गया कि इसी अवसर पर आज पूरे भारत में भी आर्य समाज के तत्वावधान में यज्ञ आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य विश्व में व्याप्त अशांति को समाप्त कर मानवता के कल्याण का संदेश देना है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में विश्व शांति और मानव मात्र के कल्याण की कामना की।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# महापौर के एक्शन के बाद गैस वितरण की नई व्यवस्था लागू

## एजेंसी पर अब नहीं होगी मारामारी, घर-घर पहुंचेगा सिलेण्डर, गैस वितरण के लिए जारी हुआ नया रोस्टर



रुद्रपुर। शहर की इंडेन गैस वितरण प्रणाली में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर महापौर के एक्शन के बाद निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई है। शनिवार को महापौर के औचक निरीक्षण और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई गहन समीक्षा बैठक के बाद अब शहरवासियों को गैस के लिए घंटों लाइनों में लगने या एजेंसी के चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाएगी। नई व्यवस्था के तहत अब डोर-टू-डोर सप्लाई को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित होगी।शनिवार सुबह निरीक्षण के दौरान वितरण कार्य में भारी खामियां और उपभोक्ताओं के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायतें सही पाए जाने पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाया था। ठेकेदार और संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाने के साथ ही तत्काल प्रभाव से 5 डिलीवरी बॉय को हटाने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही, एजेंसी की बढ़ती ग्राहक संख्या को देखते हुए पूरे शहर को 15 जोन में विभाजित कर नया रूट प्लान तैयार किया गया है, ताकि हर क्षेत्र में रोजाना समयबद्ध तरीके से सिलेंडर पहुँचाया जा सके। रोस्टर में अलग अलग डिलीवरी मैन को अलग अलग रूटों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गैस एजेंसी के भीतर तकनीकी समस्याओं और ओटीपी संबंधी दिक्कतों के त्वरित समाधान हेतु दो विशेष कार्मिकों को नियुक्त किया गया है। अब किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से पर्ची कटवाने के लिए लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के बीच स्पष्ट कार्य विभाजन किया गया है। गौतम कुमार आर्या और ज्योति जोशी को प्रतिदिन बुकिंग इन्वाइस और रजिस्टर मेंटेन करने का जिम्मा दिया गया है, जबकि संजय टम्टा, रवि खन्ना और चंद्रपाल मौर्या सॉफ्टवेयर और डीएसी डिलीवरी के विवरण की निगरानी करेंगे। व्यावसायिक सिलेंडरों के हिसाब-किताब के लिए योगेश भट्ट और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सुनीता को जिम्मेदारी सौंपी गई है।प्रशासनिक अधिकारियों और महापौर की संयुक्त बैठक में यह सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि अब एजेंसी परिसर से किसी भी परिस्थिति में सिलेंडरों का सीधा वितरण नहीं किया जाएगा। शत-प्रतिशत गैस आपूर्ति केवल होम डिलीवरी नेटवर्क के माध्यम से ही की जाएगी। अलग- अलग रूटों के लिए रोस्टर प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।महापौर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए कड़े कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और एजेंसियों को किसी भी दशा में मनमानी नहीं करने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार अंत्योदय और सुशासन के मंत्र पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि आम जनमानस को गैस जैसी जरूरी सुविध ा के लिए भटकना न पड़े। रुद्रपुर में गैस वितरण में जो सुधार किए गए हैं, वे सरकार की जन-हित सर्वोपरि की नीति का ही हिस्सा हैं। हम पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंडेन गैस एजेंसी की नई व्यवस्था से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि बिचौलियों के हस्तक्षेप पर भी पूरी तरह लगाम लगेगी।

### होम डिलीवरी के लिए नियुक्त किए क्षेत्रवार कर्मचारी

रुद्रपुर। रुद्रपुर गैस सर्विस ने वर्ष 2026-27 के लिए होम डिलीवरी रोस्टर जारी कर दिया है जिसके तहत नगर के सभी प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिदिन गैस आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। नई व्यवस्था के अनुसार शिवनगर, ट्रांजिट कैंप और कैनाल कॉलोनी क्षेत्र की जिम्मेदारी सूरज को सौंपी गई है जिनका संपर्क नंबर 8191834916 है। इसी प्रकार प्रीत विहार, लोक विहार और पहाड़गंज क्षेत्र के लिए हरप्रसाद भूरा जिनका मोबाइल नंबर 9917661265 है, को नियुक्त किया गया है। रम्पुरा और शीर गोटिया क्षेत्र के उपभोक्ता नन्हे के मोबाइल नंबर 7037093277 पर संपर्क कर सकते हैं। आदर्श कॉलोनी, घास मंडी और डॉक्टर कॉलोनी के लिए राज जिनका नंबर 9012114291 है, को जिम्मेदारी दी गई है। भदईपुरा, रामनगर और शांति कॉलोनी क्षेत्र के लिए सत्यप्रकाश मोबाइल नंबर 8938024492 पर उपलब्ध रहेंगे। ईश्वर कॉलोनी, सिंह कॉलोनी और जैन कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों की कमान सोनू व सुन्दर संभालेंगे जिनका नंबर 7351580479 है। दानपुर, भगवानपुर, एलायंस और काली नगर जैसे विस्तृत क्षेत्र के लिए लखविंदर लख्खा को मोबाइल नंबर 7535914121 के साथ नियुक्त किया गया है। सुभाष कॉलोनी और मेन मार्केट क्षेत्र के लिए अजय जिनका नंबर 7088720036 है, को जिम्मेदारी मिली है। आवास विकास, शक्ति विहार और कल्याणी व्यू क्षेत्र के लिए जितेंद्र के मोबाइल नंबर 9997506897 पर संपर्क किया जा सकता है। खेड़ा और संजय नगर के लिए महेश मोबाइल नंबर 8979074630 तथा इंद्रा कॉलोनी व बंगाली कॉलोनी के लिए बिल्लू सोनू को मोबाइल नंबर 6284340347 के साथ तैनात किया गया है।

# मंडी में नहीं, गांवों में खुलें गेहूं क्रय केन्द्र: कापड़ी

खटीमा(उद संवाददाता)। गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर उप नेता प्रतिपक्ष व खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि मंडी समिति परिसर में बड़ी संख्या में क्रय केंद्र खोलना किसानों के लिए परेशानी का कारण बनेगा, इसलिए इन्हें गांवों में संचालित किया जाना चाहिए।कापड़ी ने सरकार की गेहूं खरीद नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां धान की खरीद 65 लाख क्विंटल तक होती है, वहीं गेहूं खरीद का लक्ष्य महज पांच लाख क्विंटल रखा गया है। ऐसे में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना मुश्किल होगा।उन्होंने बताया कि खटीमा क्षेत्र में किसानों की सुविधा के लिए 35 क्रय केंद्र खोले गए थे, लेकिन इनमें से करीब 75 प्रतिशत केंद्रों को मंडी परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि इन केंद्रों को गांवों में ही संचालित किया जाना चाहिए था, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर न जाना पड़े।कापड़ी ने कहा कि मंडी परिसर में सीमित स्थान होने के कारण एक समय में केवल 15 से 20 ट्रॉलियां ही खड़ी हो सकती हैं। ऐसे में यदि 25 से 27 क्रय केंद्र मंडी में संचालित होंगे तो किसानों को भारी अव्यवस्था और लंबी कतारों का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि धान खरीद के दौरान जब मंडी में केवल 5-6 केंद्र ही संचालित होते थे, तब भी करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लग जाती थी और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता था।विधायक ने मांग की कि सभी गेहूं क्रय केंद्रों को गांवों में स्थापित किया जाए, ताकि किसानों को नजदीक में ही उपज बेचने की सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खटीमा के 64 गांवों के लिए मात्र 35 केंद्र पर्याप्त नहीं हैं और अशोक फार्म, कुआंखेड़ा, भुडिया थारू, मझोला सहित कई गांवों में बंद पड़े केंद्रों को दोबारा शुरू किया जाना चाहिए।इस दौरान मुकेश कुमार, मो. जरीफ, गुलफाम, गोपाल चंद और रोहित शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।



# राजेन्द्र सिंह कठायत को मिला खाद्य विश्लेषणशाला का अतिरिक्त प्रभार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव स्वास्थ्य एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड सचिन कुर्वे द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यालय आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड देहरादून द्वारा जारी आदेश के क्रम में उपायुक्त कुमाऊं मंडल राजेन्द्र सिंह कठायत को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ साथ प्रभारी अधिकारी खाद्य विश्लेषणशाला रुद्रपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।उन्हें यह अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने से खाद्य नमूनों की जांच के कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रयोगशाला के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाया जाएगा और निर्धारित समय सीमा के भीतर नमूनों की जांच रिपोर्ट तैयार की जा सकेगी। यह आदेश अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड ताजबर सिंह के हस्ताक्षरों से शनिवार को जारी किए गए हैं। श्री कठायत को मिली इस नई जिम्मेदारी से विभाग के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता और गतिशीलता आने की संभावना जताई जा रही है।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध का खामियाजा

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि पश्चिम एशिया में युद्ध ईरान और इजराइल–अमेरिका के बीच हो रहा है, लेकिन उसकी मार वैसे देशों को भी झेलनी पड़ रही है, जो किसी भी रूप में जंग में शामिल नहीं हैं। कई देशों में अब हालत यह है कि वहां तेल और गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। भारत भी उन देशों में से एक है, जहां कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से कई देशों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी काफी प्रभावित हुई है। यह स्थिति मुख्य रूप से होर्मुज जलमार्ग को रोके जाने के कारण सामने आई है और इसमें तभी राहत मिल सकती है, जब ईरान इस मार्ग को फिर से खोले। वैश्विक स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर होर्मुज जलमार्ग को इसी तरह बाधित करके रखा गया, तो आने वाले दिनों में स्थितियां और बिगड़ सकती हैं। शायद यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इस संकट का हल निकालने की कोशिश के तहत ब्रिटेन की पहल पर साठ से ज्यादा देशों की बैठक हुई, जिसमें होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने और फंसे हुए जहाजों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में बिना बाधा के जहाजों की आवाजाही की अहमियत को रेखांकित किया गया, क्योंकि आज के दौर में समूची दुनिया में तेल और रसोई गैस लोगों के जीवन के सबसे अहम आधार बन चुके हैं। वहीं होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने के बाद से ही जिस तरह का ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, उसका भारत पर भी सीधा असर पड़ा है। जाहिर है, अन्य कई देशों की तरह भारत भी इस प्रयास में है कि जितना जल्दी हो, इस संकट का हल निकले और होर्मुज जलमार्ग को खोला जाए। बैठक में भारत ने साफ शब्दों में कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए तनाव कम करने और सभी पक्षों के बीच संवाद के रास्ते पर लौटने की जरूरत है। यों भी, आज के दौर में कोई भी युद्ध सिर्फ उन देशों को प्रभावित नहीं करता, जिनके बीच वह लड़ा जा रहा होता है। अब यह वैश्विक चिंता का सवाल बन चुका है कि इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद ईरान ने रणनीतिक मोर्चे पर जो रुख अख्तियार किया है, उसका खमियाजा अब दुनिया के कई देशों को भुगतना पड़ रहा है। संभव है कि अमेरिका और इजराइल को जवाब देने के लिए ईरान ने हमलों के अन्य मोर्चों के साथ–साथ होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हो, लेकिन जो देश इस युद्ध में किसी भी पक्ष में नहीं हैं, अगर उन्हें इसकी मार झेलनी पड़ रही है और आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर विपरीत असर पड़ रहा है, तो इसे कैसे देखा जाएगा। विडंबना यह है कि ईरान और इजराइल–अमेरिका के बीच जारी युद्ध में संवाद को लेकर फिलहाल किसी भी पक्ष में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। मगर कूटनीतिक तकाजे के साथ–साथ मानवीय पहलू से भी देखें, तो होर्मुज जलमार्ग को तत्काल खोलने की जरूरत है, अन्यथा वैश्विक पैमाने पर जिस तरह का ऊर्जा संकट खड़ा होगा, उसकी भरपाई लंबे समय तक नहीं की जा सकेगी। ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद दुनिया भर में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि अगर युद्ध और लंबा खिंचा तो इसके असर से बहुत सारे देशों में बहुस्तरीय संकट पैदा होंगे। युद्ध शुरू होने के करीब एक महीने के बाद यह साफ देखा जा सकता है कि कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। युद्ध में शामिल देशों के शीर्ष नेतृत्व से यह उम्मीद की जाती है कि वे संयम और धीरज के साथ घटनाओं और परिस्थितियों पर परिपक्व टिप्पणी करें, ताकि तनाव को कम करने में मदद मिले और युद्ध को खत्म करने का कोई रास्ता निकले।

## रामगढ़ के दो मोटर मार्गों के डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 56 लाख स्वीकृत

भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल विधानसभा के रामगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत सुरमानें बैंड से मल्ला गहना और शीतला से छतोला मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 56 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है। लंबे समय से खराब पड़े इन मार्गों के कारण स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बरसात के दिनों में मार्ग पर कीचड़ होने से वाहन फंस जाते थे और ग्रामीणों का संपर्क कट जाता था।



जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए मंत्री राम सिंह कैड़ा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। अब शासन से शासनादेश जारी होने के बाद निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मंत्री कैड़ा ने बताया कि जल्द ही दोनों मुख्य मार्गों पर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल ब्लॉक के सभी क्षतिग्रस्त मार्गों पर डामरीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मार्ग सुधारीकरण की इस बड़ी घोषणा और बजट स्वीकृति पर क्षेत्र की जनता ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है। आवागमन की सुविधा बेहतर होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में भी सुगमता होगी।

## सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते सात पकड़े

काशीपुर। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए ऑपरेशन प्रहार के तहत जसपुरखुर्द स्थित संडे मार्केट के पास शराब पी रहे सात लोगों को पकड़ लिया। पुलिस सभी आरोपियों का पुलिस एक्ट में चालान किया है। काशीपुर। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 882 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान गौशाला मोड से पंचायत घर के पास प्रतापपुर निवासी विनोद कुमार सैनी पुत्र मिट्ठन लाल सैनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में भरा 882 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई सौरभ कुमार भारती, संजय सिंह, कां. सीपी दीपक जोशी, सीपी सुरेन्द्र कुमार रहे।

## झपट्टमार गिरोह के तीन शातिर बदमाशों से लाखों के मोबाईल बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने झपटमार गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो किशोरों सहित तीन को पकड़ लिया। जिनके पास से लाखों रुपए कीमत के लूटे गए मोबाईल बरामद किए गए। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जनपद में चलाये जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत सघन चौकिंग व धरपकड़ की कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम द्वारा सक्रियता से कार्य करते हुए झपट्टामार गिरोह का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल को जुबैर आलम पुत्र वजीर अहमद निवासी ला०न० 17 लाल मस्जिद के सामने, बनभूलपुरा ने दी तहरीर में कहा था कि 3 अप्रैल की रात्रि में कैंचीधाम से यात्री छोड़कर अपनी गाड़ी रेलवे स्टेशन हल्द्वानी पार्किंग में खड़ी कर पैदल अपने घर की तरफ आने के दौरान रेलवे स्टेशन तिराहे पर पीछे से काले रंग की केटीएम बाईक में 3 बाईक सवार उसके हाथ से मोबाईल छीनकर भाग गए।तहरीर के आधार पर थाना बनभूलपुरा में में मुकदमा दर्ज किया गया। एक दिन पूर्व रोडवेज के पास एक व्यक्ति से मोबाईल छीनने की घटना कारित की गई थी जिसके विरूद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। दिनेश फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास व रोडवेज, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों के सीसीटीवी चौक किये गये तथा पूछताछ के उपरांत टीम द्वारा गौला पार्किंग के पास से मामले में शामिल फैजान अली पुत्र नवाब अली निवासी गौला गेट जवाहर नगर को



गिरफ्तार किया गया तथा दो किशोर को संरक्षण में लिया गया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल और झपट मारी किये गये 6 मोबाइल फोन बरामद किये गये। पूछताछ करने पर फैजान अली व दोनों किशोरों ने बताया कि बरामद फोनों में से एक मोबाइल फोन उनके द्वारा रोडवेज के पास से, दो मोबाइल फोन चार पाँच दिन पहले केएमयू से पीछे पटरी से, एक मोबाइल फोन बेस अस्पताल के पीछे से, एक फोन 15–20 दिन पहले प्रेम टाकिज तथा एक फोन राजपुरा रेलवे क्रासिंग के पास से छीना गया है। एसएसपी डॉ0 मंजुनाथ टीसी द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 1500 रूपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह,अपर उप निरीक्षक हेमन्त प्रसाद, कांस्टेबल हरीश रावत व दिलशाद अहमद शामिल थे।

## नंधौर और गौला नदी में सिल्ट निकासी हेतु दस अप्रैल से शुरू होगा रिवर ट्रैपिंग का कार्य

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी मानसून सीजन के दौरान बाढ़ और भू–कटाव के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की मौजूदगी में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले गौला और नंधौर नदियों में सिल्ट निकासी, ड्रेनेज व्यवस्था और सुरक्षात्मक कार्यों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नंधौर नदी के मुहाने पर जमा सिल्ट और बोल्डर मानसून में जलभराव और बाढ़ का कारण बनते हैं। उन्होंने सिंचाई और वन विभाग को निर्देश दिए कि नदी के जमा डिपॉजिट्स को चौनलाइज किया जाए ताकि पानी अपने मूल प्रवाह में बह सके। जिलाधिकारी ने 10 अप्रैल से नंधौर नदी में रिवर ट्रैपिंग कार्य शुरू करने के आदेश देते हुए वन विकास निगम और लोक निर्माण विभाग को पोकलैंड मशीनें तैनात करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर



जल्द से जल्द कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्रवासियों को जान–माल की क्षति न हो।विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने बैठक में नदी कटाव के साथ–साथ लालकुआं क्षेत्र में रसोई गैस की होम डिलीवरी में आ रही दिक्कतों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को सोमवार से रोस्टरवार व्यवस्था लागू कर शत–प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी लालकुआं को श्रीलंका टापू क्षेत्र में अन्य विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण और शिविर आयोजित करने को कहा गया।बैठक में एडीबी परियोजना के तहत तीनपानी से मंडी तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने का मामला भी चर्चा में रहा। विधायक की मांग पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन परिवारों को आपत्तियां हैं, उनकी उपस्थिति में सोमवार से टीम गठित कर पुनः निशान लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने गौला नदी से हो रहे भू–कटाव को रोकने के लिए रिवर ट्रैपिंग कार्यों की अनुमति हेतु शासन को तत्काल पत्र भेजने के निर्देश भी अधिकारियों कानंधौर और गौला नदी में सिल्ट निकासी हेतु 10 अप्रैल से शुरू होगा रिवर ट्रैपिंग का कार्य, दिए।बैठक में अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग,मनोहर सिंह धर्मशक्तू, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा,उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, रेखा कोहली समेत संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड मुक्त विवि और बुंदेलखंड विवि के बीच हुआ शैक्षिक समझौता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के मध्य शनिवार को शैक्षिक व शोध सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में आयोजित श्शैक्षिक समझौता एवं विचार–गोष्ठीश के दौरान वक्ताओं ने कुमाऊंनी और बुंदेली भाषा, संस्कृति एवं शोध के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बहुभाषिक त्रैमासिक पत्रिका 'ज्ञानगृह' के प्रवेशांक का लोकार्पण भी किया गया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि क्षेत्रीय बोलियां आपस में अंतर्गुम्फित होती हैं। लोकबोली में परिमार्जित भाषा से कहीं अधिक पारंपरिक ज्ञान और पुरखों का अनुभव समाहित होता है। उन्होंने ज्ञान चतुर्वेदी के उपन्यासों में बुंदेली और श्शेर दा अनपढ़श की रचनाओं में कुमाऊंनी संस्कृति की झलक का उल्लेख करते हुए इस आयोजन को लोकबोलियों के संरक्षण में मील का पत्थर बताया।मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन



चन्द्र लोहनी ने कहा कि यह समझौता केवल अकादमिक आदान–प्रदान नहीं, बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण का माध्यम बनेगा। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय जल्द ही अपभ्रंश, प्राकृत, पाली, जापानी, चीनी और जौनसारी भाषा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. पुनीत बिसारिया ने कहा कि स्थानीय भाषाओं को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत करना हमारी साझा जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि प्रो. सविता मोहन ने शिक्षा के भारतीयकरण पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं को उचित स्थान मिलने पर ही हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ पाएंगे।विचार सत्र में प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने कुमाऊंनी के श्राजुला मालूशाहीश और बुंदेली के 'आल्हा ऊदल' के माध्यम से दोनों संस्कृतियों की एकसूत्रता को रेखांकित किया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. दिवा भट्ट ने कुमाऊंनी साहित्य के मौखिक इतिहास को मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता बताई। डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. सुधा दीक्षित और डॉ. शशांक शुक्ल ने भी भाषाई विविधता और लोक परंपराओं पर विचार रखे।सांस्कृतिक सत्र में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने आल्हा गायन, राई नृत्य और बुंदेलखंडी कविता पाठ की मोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कार्की ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव खेमराज भट्ट ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी, डॉ. बिपिन प्रसाद, डॉ. प्रेमलता सहित दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## रामनगर नगर पालिका में बजट बैठक को लेकर गहराया विवाद

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर नगर पालिका में अध्यक्ष और सभासदों के बीच बढ़ते टकराव का सीधा असर अब निकाय के प्रशासनिक कार्यों पर दिखाई देने लगा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बावजूद अब तक बजट बैठक आयोजित नहीं हो सकी है, जबकि नियमानुसार यह प्रक्रिया 31 मार्च तक पूर्ण हो जानी चाहिए थी। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम और सभासदों के बीच चल रही खींचतान के कारण विकास कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस पूरे प्रकरण पर नगर पालिका के पूर्व कर्मचारी और वर्तमान कांग्रेस नेता भुवन पांडे ने तीखी



प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आजादी के बाद यह दूसरी बार है जब बजट बैठक समय पर आयोजित नहीं हो पाई है। इससे पूर्व वर्ष 1983 में भी आंतरिक विवाद के कारण ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी। भुवन पांडे ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि नगर पालिका में वर्तमान में बिना टेंडर प्रक्रिया के कार्य कराए जा रहे हैं और कई स्तरों पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि इस आपसी विवाद का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। दूसरी ओर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा कि विवाद की स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बोर्ड बैठक टलने का मुख्य कारण चेयरमैन का शहर से बाहर होना है। जानकारी के अनुसार चेयरमैन इन दिनों कलियर शरीफ गए हुए हैं। नगर पालिका प्रशासन ने अब 8 अप्रैल को बोर्ड बैठक आयोजित करने की नई तिथि तय की है। अब सभी की नजरें आगामी बैठक पर टिकी हैं कि क्या इस दिन लंबित बजट और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बन पाती है या गतिरोध जारी रहता है।

# गैस किल्लत पर संघर्ष वाहिनी ने दिया धरना

बागेश्वर (उद संवाददाता)। घरेलू और व्यावसायिक गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने पर संघर्ष समिति ने कड़ी आपत्ति जताते हुए शनिवार को जिला पूर्ति कार्यालय में धरना दिया। संघर्ष वाहिनी से जुड़े कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जब प्रशासन गैस की कमी न होने का दावा कर रहा है, तो उपभोक्ताओं को वितरण के लिए सुबह से शाम तक इंतजार क्यों करना पड़ रहा है। संघर्ष वाहिनी ने मांग की कि गैस सिलेंडरों के वितरण में होम डिलीवरी की प्रभावी व्यवस्था की जाए और विभाग द्वारा रोस्टर के अनुसार गैस बांटी जाए। कार्यकर्ताओं ने शिकायत की कि मिस्ड कॉल से बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को डिलीवरी मैसेज नहीं मिल रहे हैं, जिससे समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। समिति ने उपभोक्ताओं को सिलेंडर तौल कर देने और गैस एजेंसी द्वारा डिजिटल पेमेंट की अनिवार्य व्यवस्था करने की भी मांग उठाई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो महीने तक गैस का वितरण नहीं हो रहा है। प्रदर्शन की उग्रता को देखते हुए प्रभारी पूर्ति अधिकारी जीबी पांडे मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोस्टर के अनुसार गैस वितरण व अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए समुचित व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया। अधिकारी के भरोसे के बाद संघर्ष वाहिनी ने अपना प्रस्तावित तालाबंदी कार्यक्रम स्थगित कर दिया। आंदोलन में जिलाध्यक्ष कवि जोशी, जिला प्रवक्ता अंकुर उपाध्याय, जिला महामंत्री विजय परिहार, जिला संरक्षक रमेश कृषक, जिला उपाध्यक्ष पंकज परिहार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय, जिला महामंत्री नवनीत बिष्ट, जिला सचिव महेश नगरकोटी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विनोद थापा, जिला सचिव नवीन चौबे, मिथुन, सागर, मोहित, मुन्ना, जगदीश कार्की, किशोर तिवारी और चरण सिंह भगरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



# रामनगर में गैस की किल्लत से जनता परेशान

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ और बढ़ती नाराजगी लगातार देखने को मिल रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं और एजेंसी कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामे की घटनाएं सामने आ रही हैं। बीते दिन भी गैस वितरण को लेकर कई जगह अफरा तफरी की स्थिति बनी रही, जहां लोगों ने प्रशासन के विरुद्ध अपना रोष प्रकट किया। गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं का आरोप है कि वे पिछले कई दिनों से लगातार गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि न तो विभाग द्वारा गैस उपलब्धता की स्पष्ट जानकारी दी जा रही है और न ही समय पर वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कई परिवारों के घरों में रसोई गैस पूरी तरह खत्म हो चुकी है, जिससे उन्हें दैनिक भोजन पकाने के लिए वैकल्पिक और महंगे इंतजाम करने पड़ रहे हैं। बढ़ती गर्मी के बीच गैस की किल्लत ने आम जनता की मुश्किलों को और अधिक बढ़ा दिया है। दूसरी ओर, गैस एजेंसी संचालकों और संबंधित अधिकारियों का दावा है कि गैस का वितरण पूरी तरह नियमों और तय रोस्टर के आधार पर किया जा रहा है। उनका कहना है कि सप्लाई में कोई अनियमितता नहीं है। इस संवेदनशील मामले पर उप जिलाधिकारी रामनगर गोपाल सिंह चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा हर मोहल्ले में रोस्टर सिस्टम के तहत गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि अचानक बढ़ती मांग के चलते कुछ स्थानों पर दबाव की स्थिति बनी है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी वितरण में गड़बड़ी या अवैध वसूली की शिकायत मिलती है, तो जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया है कि जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य कर दिया जाएगा।



# सुखवंत सिंह आत्महत्या प्रकरण में 12 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

काशीपुर। किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या प्रकरण में पुलिस मुख्यालय स्तर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अब तक जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर 12 आरोपियों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। इस मामले में आईटीआई कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी को भी आरोपी बनाया गया है। एसआईटी की इस कार्रवाई को मामले में अब तक की सबसे महत्वपूर्ण कानूनी प्रगति माना जा रहा है। बता दें कि ग्राम पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह ने कथित भूमि धोखाधड़ी और पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत होकर 10 जनवरी की रात हल्द्वानी के गौलापार स्थित एक होटल में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले सुखवंत सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था, जबकि होटल के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था। वीडियो और सुसाइड नोट में सुखवंत सिंह ने ऊधमसिंह नगर जिले के कई पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों का नाम लेते हुए अपनी मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। घटना के बाद यह मामला तेजी से सुर्खियों में आया था। प्रारंभिक तौर पर आईटीआई कोतवाली में 26 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था, हालांकि उस समय दर्ज मुकदमे में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम शामिल नहीं किए गए थे। मामला बढ़ने और जनदबाव बनने के बाद शासन स्तर पर एसआईटी का गठन किया गया। इसके बाद एसआईटी ने पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य नामजद आरोपियों की भूमिका की विस्तृत जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने करीब 79 दिन की विस्तृत विवेचना के बाद 12 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में 28 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। जांच के दौरान 56 लोगों को गवाह बनाया गया। एसआईटी ने अपनी विवेचना में डिजिटल और वैज्ञानिक साक्ष्यों को भी महत्वपूर्ण आधार बनाया। जांच के दौरान मृतक सुखवंत सिंह के मोबाइल फोन की जांच कराई गई, फेसबुक पर वायरल हुए वीडियो का फॉरेंसिक परीक्षण कराया गया और सुखवंत सिंह की ओर से भेजे गए विभिन्न ई-मेल की भी वैज्ञानिक जांच की गई। इन सभी तथ्यों और साक्ष्यों को चार्जशीट का हिस्सा बनाया गया है। एसआईटी की चार्जशीट में आईटीआई कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला के खिलाफ सुखवंत सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने और धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं विमल कुमार, आशीष चौहान उर्फ पटवारी, कुलविंदर सिंह उर्फ जस्सी, अमरजीत सिंह, जगपाल सिंह, गुरप्रेम सिंह और जहीर के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने, धोखाधड़ी और धमकाने के साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 318(4), 352(2) और 351(2) के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा बलवंत सिंह उर्फ काले, जगवीर सिंह उर्फ जगवीर राय, मनप्रीत सिंह और सुखवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धमकाने के आरोप में धारा 352 और 351(2) के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। जांच के दौरान देवेन्द्र, बिजेन्द्र और सत्येंद्र नाम के आरोपियों के संबंध में एसआईटी को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं कुछ अन्य आरोपियों के खिलाफ विवेचना अभी भी जारी बताई जा रही है। इससे साफ है कि यह मामला अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है और आने वाले दिनों में जांच के आधार पर और नाम भी सामने आ सकते हैं। इस चर्चित घटना के बाद पुलिस विभाग में भी हलचल मच गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार, एएसआई सोमवीर सिंह, कांस्टेबल दिनेश तिवारी, भूपेंद्र सिंह, शेखर बनकोटी, सुरेश चंद्र, योगेश चौधरी, राजेंद्र गिरी, दीपक प्रसाद और संजय कुमार को लाइन हाजिर किया गया था। इससे यह भी संकेत मिला था कि मामले को शासन और पुलिस मुख्यालय स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। अब इस पूरे प्रकरण में एसआईटी द्वारा अदालत में चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद निगाहें न्यायिक प्रक्रिया पर टिक गई हैं। सुखवंत सिंह की आत्महत्या ने न केवल कथित भूमि धोखाधड़ी के मामलों को फिर से चर्चा में ला दिया है, बल्कि पुलिस की भूमिका और कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



## पेज एक का शेष...

**मेयर का सख्त एक्शन...**कार्रवाई की गई।मेयर के इस कड़े और त्वरित एक्शन के बाद शहर में गैस वितरण व्यवस्था पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी है। जनता का कहना है कि अगर पहले ही इस तरह की सख्ती दिखाई जाती तो उन्हें इतनी परेशानी नहीं उठानी पड़ती। फिलहाल, मेयर विकास शर्मा का यह एक्शन लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और उन्हें एक सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सराहा जा रहा है।

**गंगा स्नान के दौरान....**टीमें गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचीं। गंगा की उफनती लहरों के बीच करीब सवा घंटे तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अंततः गोताखोरों ने गंगा की गहराई से दोनों दोस्तों के शवों को बाहर निकाला। अपनी आंखों के सामने अपनों को खोने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी देते हुए सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि जिस दूधिया बंध क्षेत्र में यह हादसा हुआ, वह स्थान बेहद खतरनाक और गहरा है। प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किया गया है और यहां स्नान करना वर्जित है। बावजूद इसके, जानकारी के अभाव में पर्यटक वहां पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने एक बार फिर स्थानीय निवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि वे केवल सुरक्षित और चिह्नित घाटों पर ही स्नान करें और गहरे पानी की ओर न जाएं।

**दोस्तों के साथ...**प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सभी दोस्त काफी देर तक पहाड़ी के ऊपर खान-पान और मस्ती में मशगूल थे। इसी बीच अचानक एक युवक का पैर फिसल गया और वह सीधे गहरी खाई की ओर जा गिरा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन ढलान अत्यधिक तीव्र होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। हादसे के बाद घबराए साथियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। रात का सन्नाटा, घना अंधेरा और लगभग 250 मीटर की खतरनाक ढलान टीम के लिए बड़ी चुनौती थी। जवानों ने टॉर्च और रस्सियों के सहारे खाई में उतरकर गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ के जवान खाई की गहराई में फंसे युवक तक पहुंचने में सफल रहे, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। टीम ने स्ट्रेचर के माध्यम से शव को सुरक्षित मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और वैधानिक कार्रवाई के लिए जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान चेतन चन्द्र बहादुर के रूप में की है, जो सहस्त्रधारा क्षेत्र का ही रहने वाला था। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है कि हादसे के समय वहां कितने लोग मौजूद थे और घटना की मुख्य वजह क्या रही।

**चार साल से बेसहारा...**कार्यकर्ताओं के साथ खड़े हैं। विपक्ष में रहते हुए भी आम जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 4 वर्षों से बेसहारा थे, कांग्रेस ने उन्हें सहारा दिया है, जिसका वह विश्वास कभी नहीं तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति को खत्म करने का प्रयास किया गया, लेकिन ऐसा करने वाले अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले की 9 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह राणा, अजय नारायण सिंह, प्रदीप बेदी, जैला सिंह, सुरेंद्र सिंह करनावल, प्रकाश सिंह, सतनाम सिंह निक्कू, सुखविंद्र सिंह मोमी, पिंटू सिंह, बलवंत सिंह, कृपाल सिंह समेत सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शराब की दुकान...**पूरी तरह विपरीत है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस समस्या से विधायक को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस समाधान न निकलने के कारण उन्हें अब आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। विधायक की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों का ज्ञापन लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विधायक के लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जनता की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा।

**आमने सामने की ...**दुर्घटना के तत्काल बाद दोनों ही कारों में लगे सेफ्टी एयर बैग खुल गये। जिससे उनमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गये। हालांकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस के साथ ही रूद्रपुर निवासी घायलों के परिजन आ पहुचे। जिन्हें उपचार के लिए जिला व निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत में सुधार बताया है। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त कारों को मुख्य मार्ग से हटाया।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2017 में हाईस्कूल (अनुक्रमांक- 5422932) एवं वर्ष 2019 में इण्टरमीडिएट (अनुक्रमांक 5915027) की परीक्षा आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड से सम्बद्ध-केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की थी, जिसके Grade Sheet Cum Certificate एवं Migration Certificate एवं वर्ष 2025 में एम.बी.बी.एस(Enrollment No. TMD 2001143) की परीक्षा तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद, उ0प्र0 सम्बद्ध-तीर्थंकर महावीर विश्व विद्यालय,मुरादाबाद-244001 से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की थी, के प्रथम ,द्वितीय,तृतीय व चतुर्थ वर्ष के Marksheet (Statement of Marks) आवास विकास, रूद्रपुर क्षेत्रंतर्गत दिनांक 30.03.2026 को मूल रूप में कहीं खो गये है जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले।

वंशिका खनिजो पुत्री श्री प्रवीन कुमार,
निवासी-A/159 आवास विकास, रूद्रपुर,
जिला-ऊधम सिंह नगर,
उत्तराखण्ड-263153

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नसीम, फईम एवं सलीम गलत संगत में पड़ गये हैं,आये दिन ये मेरे साथ और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा और क्रूरतापूर्ण व्यवहार करते हैं और धमकी देते हैं। जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने नसीम, फईम और सलीम से हर तरह के पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिये हैं और इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब ये तीनों अपने किसी भी लेन-देन और अच्छे बुरे कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

नवी अहमद पुत्र श्री खैराती निवासी वार्ड नं. 06, आजादनगर सितारगंज, उधम सिंह नगर


# कार से भिड़ी बाईक, दो घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः बिलासपुर मार्ग पर प्रीत विहार मोंड़ के पास तेज गति से जाती बाईक के कार के पीछे से भिड़ जाने से बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें कार चालक द्वारा ही उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार प्रीत विहार मार्ग से बाईक सवार दो युवक तेज गति से मुख्य मार्ग पर आये और उनकी बाईक सामने जाती कार के पीछे से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में बाईक सवार प्रीत विहार निवासी देव पुत्र नत्थूराम व उसके साथी को चोटें आ गई। कार सवार व्यक्ति ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। उसका आरोप था कि बाईक चालक नशे की हालत में था। मामले की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी चिकित्सालय आ गये।



# मीना शर्मा के बगावती तेवर बरकरार, ठुकराल के साथ काम करने से किया इनकार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री के बाद से ही पार्टी के भीतर शुरू हुआ घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने ठुकराल के खिलाफ अपने बगावती तेवर और कड़े कर लिए हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें मनाने की तमाम कोशिशें अब तक नाकाम साबित हुई हैं और श्रीमती शर्मा अपनी जिद पर टस से मस होने को तैयार नहीं हैं। विवाद को बढ़ता देख प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व सीएलपी लीडर प्रीतम सिंह, 2024 के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रोतेला, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल और पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मीना शर्मा से संपर्क साधा। इन नेताओं ने उन्हें समझाने और पार्टी हित में साथ चलने का प्रयास किया, लेकिन मीना शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी कीमत पर राजकुमार ठुकराल के साथ काम नहीं करेंगी। श्रीमती शर्मा ने अपने वरिष्ठ नेताओं के समक्ष बेहद कड़े शब्दों में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि राजकुमार ठुकराल भाजपा में रहते हुए रुद्रपुर के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने और दंगे कराने के जिम्मेदार रहे हैं। उन्होंने कहा उक्त व्यक्ति महिलाओं के चरित्र हनन और उनके प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के लिए जाना जाता है। ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस में शामिल कर सम्मान देना असहनीय है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड को मिली बड़ी सौगात: भूस्खलन प्रभावित स्थलों के सुधार हेतु 461 करोड़ स्वीकृत

## चारधाम यात्रा मार्ग होगा और सुरक्षित, एनएच-134 पर व्यापक कार्यों को मंज़ूरी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत कार्यों के लिए 461 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्र सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया है, जिससे प्रदेश की सड़क अवसंरचना को नई मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस स्वीकृति के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर भूस्खलन से प्रभावित 17 स्थलों के उपचार के लिए 233 करोड़ तथा पिथौरागढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के तवाघाट-घटियाबागड़ खंड पर 3 संवेदनशील स्थलों के लिए 228 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल न केवल आपदा जोखिम को कम करने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश के दुर्गम एवं सीमांत क्षेत्रों में आवागमन को भी सुगम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय



राजमार्ग-134, जो चारधाम यात्रा का एक प्रमुख मार्ग है, उत्तराखंड में धरासू एवं कुठनोरी से यमुनोत्री धाम को जोड़ता है। यह मार्ग भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील रहा है, जिसके कारण कई बार यातायात बाधित होता है और यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से इस मार्ग की स्थिरता बढ़ेगी, जिससे चारधाम यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगी। साथ ही धार्मिक पर्यटकों, पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर तवाघाट-घटियाबागड़ खंड में भूस्खलन संभावित स्थलों के उपचार से सीमांत क्षेत्रों तक निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से उत्तराखंड में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत के लिए 461 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह निर्णय राज्य में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, चारधाम यात्रा को सुगम बनाने तथा सीमांत क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारी सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।




# काशीपुर मेले में हार जीत की बाजी लगाते दो जुआरी गिरफ्तार

काशीपुर। चैती मेले में हार जीत की बाजी लगाते पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नकदी बरामद की है। इस दौरान पुलिस को आता देख कई जुआरी मौके से फरार हो गये। पुलिस ने गिरफ्तार जुआरियों का जुआ एक्ट में चालान किया है।आईटीआई कोतवाली पुलिस ने चौती मेले में गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तम्बुओं के अंदर हारजीत की बाजी लगाते ग्राम शौकत नगर, जौहर विश्वविद्यालय, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर निवासी विक्की पुत्र होरी लाल व आम मौहल्ला, सिमली, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार निवासी सन्नी पुत्र धर्मवीर कश्यप को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1150 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की है। इस दौरान कई जुआरी मौका देख फरार हो गये। पूछताछ में पकड़े गये सन्नी नामक युवक ने बताया कि मेले में उसकी खिलौने की दुकान है वह पैसों के लालच में विक्की के साथ मिलकर जुआ खेल रहा था। पुलिस ने आरोपियों का 13 जुआ अधिनियम में चालान किया है।

# फर्जी एनसीईआरटी पुस्तकों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी नफीस गिरफ्तार

## अंतरराज्यीय गिरोह के संगठित नेटवर्क का हुआ खुलासा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी अजय गणपति के कुशल निर्देशन में पुलिस ने फर्जी एनसीईआरटी पुस्तकों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस



मामले के मुख्य अभियुक्त नफीस खान उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया है, जो कई राज्यों में फैले नकली किताबों के संगठित नेटवर्क का संचालन कर रहा था।मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 17 मार्च 2026 को एनसीईआरटी नई दिल्ली के सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार की तहरीर पर कोतवाली रुद्रपुर में कॉपीराइट अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मेरठ निवासी नफीस खान का नाम प्रकाश में आया। जांच में पता चला कि अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों में गोदाम किराये पर लेकर नकली पुस्तकों का भंडारण और सप्लाई करता था। आरोपी बरेली के भोजीपुरा से बरामद नकली पुस्तकों को रुद्रपुर स्थित कीरतपुर गोदाम में रखता था और किताबों के कवर की छपाई मथुरा की प्रिंटिंग प्रेस में कराता था। इसके बाद तैयार माल को राजस्थान के भरतपुर स्थित गोदामों में भेजकर अलग-अलग जनपदों में सप्लाई किया जाता था। पकड़ा गया अभियुक्त नफीस खान पुत्र यामीन खान, निवासी मेरठ बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और वह वर्ष 2020 व 2023 में भी मेरठ और बरेली में कॉपीराइट अधिनियम व धोखाधड़ी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस टीम ने जाल बिछाकर 3 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया, जिसे अब न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस मामले में संलिप्त अन्य नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही गतिमान है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उप निरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट, कानिस्टेबल प्रवीण गोस्वामी और हरीश बिष्ट शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना के मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

पंतनगर (उद संवाददाता)। नगला बाईपास के समीप एक तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका उपचार अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने घटना के संबंध में तहरीर के आधार पर कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांधीनगर बिंदुखत्ता निवासी मोहन चन्द्र देवराड़ी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च की रात लगभग 07:30 बजे उनका पुत्र हरीश देवराड़ी अपने दोस्त भुवन चन्द्र पाण्डे के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 04।9004 से नगला की ओर आ रहा था। तभी भूरा कबाड़ी के पास किच्छा की ओर से रोंग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार संख्या यूक 04एम 9864 ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में हरीश और भुवन दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।परिजनों के अनुसार भुवन पाण्डे का उपचार हल्द्वानी के नीलकंठ अस्पताल में चल रहा है, जबकि हरीश देवराड़ी की हालत नाजुक होने के कारण उसे ऋषिकेश स्थित हिमालयन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी कार चालक के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। घटना मार्च माह की है जिसकी तहरीर पर पुलिस ने अब वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।




# 'ऑपरेशन प्रहार' का आगाज, पहले दिन 208 लोगों का हुआ सत्यापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार जनपद को अपराध एवं भयमुक्त बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत व्यापक अभियान शुरू किया गया है। अभियान के पहले ही दिन पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करते हुए हड़कंप मचा दिया। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद में किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पेशेवर अपराधियों व वारंटियों के विरुद्ध यह सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा। 3 अप्रैल को चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के समस्त थाना व कोतवाली क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से चेकिंग और सत्यापन की कार्यवाही की। अभियान के अंतर्गत कुल 208 व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण पाया गया। पुलिस ने बीएनएस



की विभिन्न धाराओं के तहत 16 लोगों पर कार्यवाही की, जबकि पुलिस एक्ट के उल्लंघन में 64 व्यक्तियों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त 03 वांछित अपराधियों पर भी पुलिस का शिकंजा कसा गया है। क्षेत्रवार कार्यवाही के विवरण के अनुसार जसपुर में पुलिस एक्ट के तहत 10 और कुंडा में 7 लोगों पर कार्यवाही की गई। काशीपुर में बीएनएस के तहत 10 और पुलिस एक्ट में 2 लोगों के विरुद्ध कदम उठाए गए, जबकि आईटीआई काशीपुर में 4 और बाजपुर में 8 लोगों पर पुलिस का डंडा चला। दिनेशपुर में सबसे अधिक 65 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया और 10 लोगों पर पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही हुई। इसी क्रम में रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप, पंतनगर, किच्छा, पुलभट्टा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा में भी सत्यापन और चालानी कार्यवाही अमल में लाई गई। एसएसपी ने कहा कि स्ट्रीट क्राइम, दुराचारियों और शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। समस्त पेशेवर अपराधी और इनामी बदमाश पुलिस की रडार पर हैं।

# सिडकुल में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवती सहित दो घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर में ब्रिटानिया फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवती और उसके रिश्तेदार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।ग्राम कैधुलियाँ थाना नानकमत्ता निवासी रणजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल की सुबह लगभग 5:45 बजे उनकी पुत्री आंचल राना अपने रिश्तेदार संदीप सिंह राना के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एक्यू1532 से ड्यूटी के लिए डाबर इण्डिया लिमिटेड सिडकुल जा रही थी। जैसे ही वे ब्रिटानिया फैक्ट्री के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे ट्रक संख्या UP14 RT 7747 के अज्ञात चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आंचल छिटक कर सड़क पर गिर गई और उसे गंभीर चोटें आईं।वहीं बाइक चला रहे संदीप सिंह राना को ट्रक चालक मोटरसाइकिल सहित काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया जिससे वह भी लहूलुहान हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया। रणजीत सिंह ने बताया कि ट्रक संख्या के आधार पर चालक की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।